भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 449
गुरूवार, 25 जुलाई, 2024/3 श्रावण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

तमिलनाडु के लिए विभिन्न पर्यटन योजनाएं

449 श्री एम. शनमुगम:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) तमिलनाडु, विशेष रूप से तिरुचि, तंजावुर, तिरुवरुर, मईलादुथुरई जिलों, जहां समृद्ध और प्रचुर पर्यटन स्थल और इको पर्यटन क्षेत्र हैं, के लिए मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के तहत कितनी धनराशि आवंटित की गई है;

(ख) पर्यटन के बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए संधारणीयता और जवाबदेही आधारित दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के लिए राज्य में शुरू की गई परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या पर्यटन विकास की अपार संभावनाओं को देखते हुए राज्य को विभिन्न योजनाओं के तहत और अधिक धनराशि आवंटित की जाएगी, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन', 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान संबंधी राष्ट्रीय मिशन (प्रशाद)' और 'पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' नामक योजनाओं के तहत देश के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर पर्यटन संबंधी अवसंरचना और सुविधाओं के विकास के लिए राज्य सरकारों/ संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/ केंद्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है ।

उपर्युक्त योजनाओं के तहत तमिलनाडु राज्य में स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है ।

पर्यटन मंत्रालय ने गंतव्य और पर्यटन केन्द्रित दृष्टिकोण अपनाते हुए स्थायी और जिम्मेदार पर्यटन स्थलों के विकास के उद्देश्य से हाल ही में स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) का नया रूप दिया गया है । इस योजना के तहत पर्यटन मंत्रालय ने 30.02 करोड़ रु. की लागत से मामल्लापुरम, तमिलनाडु में 'इमर्सिव एक्सपीरियन्स एट शोर टेम्पल' नामक परियोजना को स्वीकृति प्रदान की है ।

आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन और प्रचार (डीपीपीएच) योजना के तहत तमिलनाडु राज्य को मेलों/महोत्सवों और पर्यटन संबंधी कार्यक्रमों के आयोजन के लिए भी वित्तीय सहायता प्रदान की गई है । पिछले पाँच वर्षों में तमिलनाडु राज्य में स्वीकृत निधियों का विवरण **अनुबंध-II** पर दिया गया है ।

पर्यटन मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के तहत वित्तीय सहायता हेतु समय-समय पर राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों से प्रस्ताव प्राप्त होते हैं । इन प्रस्तावों को निर्धारित प्रावधानों की पूर्ति और निधियों की उपलब्धता के अध्यधीन परियोजनाओं का रूप दिया जाता है ।

*****

अनुबंध-I

श्री एम. शनमुगम द्वारा तमिलनाडु के लिए विभिन्न पर्यटन योजनाएं के संबंध में दिनांक 25.07.2024 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 449 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

स्वदेश दर्शन योजना

(करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**परिपथ/स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**निर्मुक्त राशि**
1.	तटीय परिपथ 2016-17	(चेन्नई-मामल्लापुरम-रामेश्वरम-मनपाडु-कन्याकुमारी) का विकास	73.13	71.03

प्रशाद योजना

(करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृति वर्ष**	**अनुमोदित लागत**	**निर्मुक्त राशि**
1.	कांचीपुरम का विकास	2016-17	13.99	13.99
2.	वेलंकन्नी का विकास	2016-17	4.86	4.86

पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता योजना

(करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**परियोजना का नाम**	**केंद्रीय एजेंसी**	**स्वीकृति वर्ष**	**स्वीकृत राशि**	**निर्मुक्त राशि**
1.	चेन्नई बंदरगाह पर मौजूदा यात्री टर्मिनल में क्रूज़ यात्री सुविधा केंद्र	चेन्नई पोर्ट ट्रस्ट	2012-13	17.25	17.25
2.	रामेश्वरम रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास	रेल मंत्रालय	2017-18	4.70	3.76
3.	मदुरै रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास	रेल मंत्रालय	2018-19	4.48	3.56

*****

अनुबंध-II

श्री एम. शनमुगम द्वारा तमिलनाडु के लिए विभिन्न पर्यटन योजनाएं के संबंध में दिनांक 25.07.2024 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 449 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

पिछले पांच वर्षों में मेलों एवं महोत्सवों और पर्यटन संबंधी कार्यक्रमों के आयोजन के लिए तमिलनाडु सरकार को वित्तीय सहायता:-

(लाख रु. में)

क्र. सं.	**वर्ष**	**मेले एवं महोत्सव का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**निर्मुक्त राशि**
1	2019-20	भारतीय नृत्य महोत्सव	25.00	25.00
2	2019-20	कुमारी महोत्सव	10.00	10.00
3	2019-20	पर्यटन सांस्कृतिक महोत्सव	15.00	15.00
4	2021-22	मामल्लापुरम में भारतीय नृत्य महोत्सव	25.00	25.00
5	2022-23	मामल्लापुरम में भारतीय नृत्य महोत्सव	25.00	25.00

*****